प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज प्रस्तावित अटल–टनल रोहतांग का दौरा खराब मौसम को देखते हुए रद्द कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में लगातार बिगड़ते मौसम, तेज़ हवाओं और संभावित वर्षा व बर्फ़बारी के मद्देनज़र सुरक्षा कारणों से ये निर्णय लिया गया है। राष्ट्रपति अपने हिमाचल प्रवास के दौरान आज अटल टनल रोहतांग का निरिक्षण और सीमा सड़क संगठन के अधिकारिओं के साथ संवाद करने वाली थी। उनका कल पालमपुर स्थित कृषि महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने का कार्यक्रम है। कांगड़ा जिला के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है।

चुनाव

प्रदेश की तीन हज़ार 754 पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में वोट डाले जायेंगे। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने शिमला में चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि इन चुनावों के लिए 7, 8 और 11 मई को नामांकन दाखिल होंगे जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उन्होंने बताया कि 14 व 15 मई को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

चुनाव–2

51 नगर निकायों में चुनावों के लिए आज से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो रही है, जो 2 मई तक चलेगी। 4 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी जबकि 6 मई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। चार नगर निगमों सोलन, मंडी, धर्मशाला व पालमपुर समेत 47 नगर पंचायत और नगर परिषदों में 17 मई को वोट डाले जायेंगे। इस बीच चम्बा जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने मतदाताओं से 17 मई को अपने मत का प्रयोग करने की अपील की है।

चुनाव–3

इस बीच प्रदेश कांग्रेस चुनाव समीति ने नगर–निगम चुनावों को लेकर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी के संगठन महामंत्री विनोद जिंगटा ने बताया कि धर्मशाला नगर–निगम के 8 वार्डों और सोलन नगर–निगम के एक वार्ड के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। वहीं भाजपा ने भी सोलन नगर निगम में 17 में से 14 वार्डों में अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

पेयजल संकट

नाहन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोगीनंद में जल शक्ति विभाग की पेयजल योजना में तकनीकी खराबी आने से लोगों को भीषण गर्मी के दौरान जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग उठाई कि यहां समस्या को देखते हुए दो मोटरें इस योजना में उपलब्ध करवाई जाएं। यदि एक मोटर खराब होती है तो दूसरी मोटर से योजना को सुचारू रखा जा सके।

जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता देवानंद पुंडीर ने बताया कि ग्राम पंचायत मोगीनन्द की समस्या संज्ञान में है। संबंधित कर्मचारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के भी निर्देश जारी कर दिए है ।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी बादल छाये हुए हैं और कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने का समाचार है। मौसम के इस बदले मिजाज़ से बढती गर्मी से लोगों को हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग द्वारा आज अधिकांश भागों में तेज़ हवाएं चलने और वर्षा के साथ ओलावृष्टि की सम्भावना जताई है। वहीं कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला में आज खराब मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया है।